Annexure - 2

# परियोजना का नामः— राज्य योजना में जनपद बागेश्वर में जल्थाकोट—चमड़थल किमोली मोटर मार्ग का निर्माण।

## परियोजना का औचित्य

शासनादेश संख्या 3138 / 111—2 / 06—61 (प्रा0आ0.) / 2006 दिनांक 22.11.2006 द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर में कारगिल शहीद स्व0 मोहन सिंह नगरकोटी की स्मृति में जल्थाकोट—चमड़थल—किमोली मोटर मार्ग निर्माण की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

शासन द्वारा सातचौरा—जल्थाकोट मोटर मार्ग लम्बाई 5 कि.मी. के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी जिस पर भारत सरकार के पत्रांक 8 बी / 09 / 1775 / 98 / एफ.सी. / 594 दिनांक 28.09.99 द्वारा विधिवत् स्वीकृति एवं शासनादेश संख्या जी0आई0— 852 / 14—2—1999—600 (12) / 98 दिनांक 18. 11.99 द्वारा भूमि हस्तान्तरण आदेश उपरान्त निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। स्वीकृत मोटर मार्ग इस मार्ग का विस्तार है। जल्थाकोट नामक स्थान से प्रस्तावित कर किमोली तक मार्ग की लम्बाई 8 कि.मी. आती है।

भारत सरकार द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद हुए बीरों के सम्मान में उनके पैत्रिक गांवों को मोटर मार्ग से जोड़ने की योजना लागू की गयी है। स्व0 मोहन सिंह नगरकोटी इसी किमोली ग्राम के निवासी थे जो कारगिल युद्ध में अपने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए शहीद हुए। वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार ग्राम किमोली की आवादी 299 है तथा यह ग्राम अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नहीं जुड़ा है। इस मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम किमोली के अतिरिक्त बीच के ग्राम खोलाखेत (121) बैसाई (101) एवं सिमतोली (300) भी मोटर मार्ग से जुड़ जायेंगे और क्षेत्र की कुल 1062 जनता प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होगी। इस क्षेत्र की जनता का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं पशुपालन है। यातायात की सुविधा न होने से कास्तकारों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। साथ ही रोजगार की तलाश में युवाओं का शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है जिसे रोकने हेतु भी मोटर मार्ग का निर्माण आवश्यक है। उत्तराखंड के 10 पर्वतीय जिलों में कास्तकार की नाप भूमि के अतिरिक्त समस्त प्रकार की भूमि वन अधि.नियम के दायरे में है और कास्तकारों के पास सीमित मात्रा में नाप भूमि है और वह भी बिखरी हुई। जनपद बागेश्वर का लगभग 70 प्रतिशत भू—भाग वनाछादित है जिससे परियोजना को वन भूमि में प्रस्तावित करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं हैं। मोटर मार्ग के संरेखण में केवल 3.115 है0 वन भूमि प्रभावित हो रही है।

चूँकि प्रस्तावित परियोजना का निर्माण कारगिल शहीद की स्मृति में स्वीकृत किया गया है और मोटर मार्ग निर्माण से लगभग 1062 जनसंख्या को लाभ मिलेगा अतः इस मोटर मार्ग का निर्माण जनहित में आवश्यक है।

सहायक अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर

प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग
बागेश्वर